तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024



10 क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध



12 आन-बान-शान से जगह-जगह लहराया तिरंगा, समारोह में दिखा जोश व जज्बा






# वाइल्डलाइफ सेंचुरी बारनवापारा में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को दिख रहे वन्य प्राणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

बलौदाबाजार वन-मंडल के अंतर्गत वाइल्डलाइफ संेचुरी बारनवापारा में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को अलग- अलग जगहों पर तीन तेंदुआ दिखे जाने की बातें कहीं जा रही है। वन्य प्राणियों के साथ ही साल दर साल पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। अभयारण्य में सुविधाओं में भी वृद्धि की जा रही है। बारननवापारा अभयारण्य में प्राकृतिक छटा को संजोए हुए अनेक जीव-जंतुओं से भरा-पूरा जंगल है। वन-भ्रमण करने से अपने अनेक विविधताओं से परिचित कराते हुये मनोरम दृश्य पर्यटकों को अलग अनुभव का अहसास करा है। 1 नवंबर से 15 जून या 30 जून तक पर्यटकों के लिए खुलने वाले इस अभ्यारण्य में वन-भ्रमण करते समय स्वतंत्र रूप से विचरण करते अनेक जंगली जानवरों को देख पर्यटक प्रसन्नचित्त होते हैं। 244.66 वर्ग किलोमीटर की क्षेत्रफल में फैला बारनवापारा अभ्यारण्य दो विभक्त बार और कोठारी परिक्षेत्रों में यहाँ चारों ओर हरियाली एवं प्रदूषण मुक्त व सालभर तापमान बहुत सुखद होने के कारण ⏩ शेष पेज 10 पर

■ अलग-अलग जगहों पर दिखे तेंदुए

## रुकने, खाने- पीने के साथ जंगल घूमने के लिए मिल रहे वाहन

### तीन माह में आए 7035 पर्यटक

रेंजर सुनील खोब्रागड़े ने बताया कि नवम्बर 2023 से 24 जनवरी 2024 तक कुल 7035 पर्यटक आ चुके हैं। अभी माह फरवरी से जून 2024 तक और भी पर्यटक आएंगे। पर्यटक बारनवापारा अभ्यारण्य में वनभ्रमण- सफारी के लिए पिछले 4 वर्षों की तुलना में इस वर्ष 3 माह के अवधि में लगभग 60% पर्यटक बारनवापारा आ चुके हैं। प्रतिवर्ष पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। पर्यटकों की सुविधा का पूरा-पूरा ध्यान रखते हुए वनभ्रमण- सफारी के लिए 25 जिप्सी 6 सीटर एवं 2 जेनॉन 12 सीटर सफारी वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। रुकने के लिए 34 कमरे पर्यटक ग्राम बारनवापारा में उपलब्ध हैं। पर्यटन ग्राम में झूला,ओपन थिएटर,इंटरप्रिटेशन सेंटर मौजूद है।



### पर्यटकों को दिखते हैं वन्य प्राणी

उन्होंने बताया कि इस अभ्यारण्य में घूमने आने वाले पर्यटकों को जंगल भ्रमण कराने वाले प्रशिक्षित गाइड और जिप्सी ड्राइवर से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि 27 जनवरी शनिवार को 3 तेंदुआ अलग-अलग रूटों में जंगल सफारी करते समय दिखा है। इस सीजन में 1 नवंबर से अब तक कई बार अच्छा खासा तेंदुआ के साथ-साथ बायसन,भालू,चीतल,सांभर,लकड़बग्घा सहित कई अनेक मौजूद जानवर दिखते रहे हैं। खुला जंगल है 30 किलोमीटर का राउंड रहता है।

## खबर संक्षेप

### रसौटा में मड़ई आज रात को नाचा

**पलारी।** ग्राम रसौटा में बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा 29 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। रात में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### घर से चावल की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**महासमुंद।** चावल चोरी करने के मामले में पिथौरा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी दीनानाथ पटेल पिता स्व सत्यानंद (62 साल) ग्राम गड़बेड़ा ने पुलिस को बताया कि उसके घर में रखे 30 किग्रा चावल कीमत 1500 रुपए को लेकर भाग रहे बबलू दास मानिकपुरी पिता मोतीदास को पकड़ा, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 से अपराध दर्ज कार्रवाई किया है।

### हरनादादर में युवक से मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा अंतर्गत हरनादादर में अज्ञात कारण से युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी राकेश रात्रे पिता उभेलाल रात्रे (22 साल) हरनादादर ने पुलिस को बताया कि उसके साथ गांव के गौठान मड़ई मेला स्थल में कृष्णा बघेल, शेरा देशकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं हाथ में पहने कड़े से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई है। पुलिस ने मामले मे कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर धारा 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### बसना पुलिस ने दो लोगों से शराब जब्त किया

**महासमुंद।** अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के प्रयास के चलते बसना पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जगतराम बारिक पिता होरी बारिक (46) ग्राम खुसरूपाली को घर के सामने से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखे 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है एवं राजा दलई पिता रंजन दलई 24 साल निवासी वार्ड नं. 15 बसना से उसके पान के ठेले में रखे 2000 एमएल महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपी पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बलौदा एवं खल्लारी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के मामले में बलौदा और खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। बलौदा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे बरतराम सिदार पिता उध्दव सिदार (28) माधोपाली थाना सरायपाली को कटंगी नाला के पास ग्राम खोखेपुर के पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए के साथ पकड़ा एवं खल्लारी पुलिस ने आंवराडबरी के पंचायत के पास से गोविंद नेताम पिता स्व राजाराम (38) निवासी ग्राम आंवराडबरी को अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर दोनों आरोपी पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई की है।

## आयोजन : लोटस पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव

# आज भी राम एवं श्याम पैदा होंगे, मां को कौशल्या और यशोदा बनना होगा : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा नगर पंचायत भटगांव में के लोटस पब्लिक स्कूल में कहा कि आज भी राम व यशोदा पैदा होंगे लेकिन मां को कौशल्या व यशोदा बनना होगा। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।

श्री वर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए भटगांव को धर्म की नगरी बताते हुये अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जिक्र किया। उन्होंने कि हमारे पुरखों और सनातनियों ने रामलला को अयोध्या लाने का जो सपना देखा, आज वो पूर्ण हो गया है। पूरा भारत राममय हो गया है। शायराना अंदाज में कहा कि रावण का स्वयं वध करूंगा, कहने वाला राम जगे, दुष्ट शेष एक न बचेगा, कहने वाला श्याम जगे, मैं घर घर में राम नाम का अलख जगाने आया हूं। हे भारत के राम जगो, मैं तुम्हें जगाने आया हूं।

**पुरखों और सनातनियों ने रामलला को अयोध्या लाने का सपना देखा था पूरा हुआ**



### बच्चों की प्रतिभा को निखारने की जरुरत

मंत्री टंकराम ने कहा कि बच्चे बहुत प्रतिभावान होते हैं। हर बच्चे में प्रतिभा होती है। उसको निखारने की जरूरत होती है। हर बच्चे में, किसी में पेंटिंग किसी में संगीत की, किसी में लेखनी की, किसी में कविता की, किसी में गायन की, हर बच्चे में प्रतिभा है, उसको बाहर लाने की जरूरत है, वो काम हमारे शिक्षक निभा रहे हैं। मंत्री ने एक कहानी सुनाई, एक कुम्हार मिट्टी से चिलम बना रहा था। उसके दोनों हाथ मिट्टी से गुथे थे, उस समय कुम्हारिनी आ गई। पूछी क्या बना रहे हो। चिलम, चिलम का फैशन। कुम्हारिन ने कहा तुम्हारा दिमाग खराब है। गर्मी का समय है, सुराही बनाना शुरू कर दो, खूब बिकेगा। कुम्हार का विचार बदल गया। मिट्टी से गूंथे हाथ से चिलम बनाना छोड़ दिया। इस मिट्टी से उसने सुराही बनाना शुरू कर दिया। जब सुराही बन रहा था तो मिट्टी के अंदर से आवाज आई, मिट्टी ने बोला कुम्हार क्या कर रहे हो और क्यों, कुम्हार ने कहा सुराही बन रहा है। विचार बदल गया। मिट्टी ने कहा, तुम्हारा तो केवल विचार बदला है मेरा तो जिंदगी बदल गई। कुम्हार ने कहा वो कैसे। मिट्टी ने कहा मैं यदि चिलम बनती, तो मेरे मुंह में आग लगाया जाता, मैं खुद जलती औरों को भी जलाती। अब मैं सुराही बन गई हूं। अब मेरे मुंह में शीतल जल डाला जाएगा, मैं भी शीतल रहूंगी और औरों को भी शीतल करूंगी। केवल विचार बदलने से जिंदगी बदल गई। आप अपना विचार बदले आपका जीवन बदल जाएगा। आपके जीवन में सुधार आ जाएगा। अच्छी चीज सोचिए। हमारी माताएं बच्चों को केवल जन्म ही नहीं देती, जन्म के साथ जीवन भी देती हैं और संस्कार भी देते हैं। शिक्षा कहीं भी मिल जाएगी, डिग्री, नौकरी कहीं भी मिल जाएगी लेकिन संस्कार कहीं नहीं मिलेगा, संस्कार देने का काम केवल मां के पास है। किसी ने कहा है शिक्षा से पहले संस्कार जरूरी है और व्यापार से पहले व्यवहार जरूरी है। आपका बच्चा जैसा चाहोगे वैसा बनेगा, वैसा तैयार होगा। आज भी हर घर में राम पैदा होगा, मां को कौशल्या बनना पड़ेगा। हर घर में कृष्ण पैदा होगा मां को यशोदा बनना होगा। उन्होंने बच्चो के उत्साह के लिए पूर्व में कहा कि कार्यक्रम का तैयारी के लिए कितना पसीना बहाया है, उन सभी के मेहनत के लिए एक बार तालियां हो जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के शिक्षक शिक्षिका और पालक उपस्थित थे।

# बरेठ को पद्मश्री मिलने से समाज में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को छत्तीसगढ़ से इस बार तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान दिया गया। इसमें रायगढ़ के कला गुरु धोबी समाज के गौरव रामलाल बरेठ को रायगढ़ घराने को सहेजने और कला के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित किया गया। इससे पहले भी केंद्र सरकार ने उन्हें 1996 में संगीत नाटक अकादमी सम्मान 2002 में शिखर सम्मान और 2006 में छत्तीसगढ़ सरकार ने राजा चक्रधर सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। 88 वर्षीय रामलाल बरेठ जाने–माने कथक नर्तक हैं। वे राजा चक्रधर के दरबार रत्नों में से एक माने जाते है। रामलाल बरेठ को पद्मश्री सम्मान मिलने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कनौजे मुख्य चुनाव अधिकारी पी पी बलभद्र सहायक चुनाव अधिकारी अशोक निर्मलकर प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कन्नौजे नरेंद्र निर्मलकर भागबली निर्मलकर गोपाल दुर्गासी प्रदेश महामंत्री नरेंद्र चौधरी प्रदेश संगठन महामंत्री ललित बुंदेला ने कहा श्री बरेठ को सम्मान मिलने से पूरा समाज हर्षित है। समाज में उत्साह है।



■ रायगढ़ घराने को सहेजने और कला के क्षेत्र में विशेष योगदान पर हुए सम्मानित

# सावित्री बाई फुले शिक्षा रत्न से सम्मानित हुए शिक्षक शांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

धमतरी में भारतीय दलित साहित्य अकादमी राज्य अलंकरण 2023 अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारतीय दलित साहित्य अकादमी के संस्थापक जीआर बंजारे (ज्वाला), मुख्य अतिथि टीकाराम सारथी राधेश्याम कंवर, घनश्याम श्रीवास, छत्तीसगढ़ नाटक कला साहित्य अकादमी एकांकी कार सुशीला वाल्मीकि अकादमी सचिव द्वारा सम्मानित हुए। सावित्रीबाई फुले शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित शिक्षक विकासखंड कसडोल महादेव जायसवाल शासकीय प्राथमिक शाला दर्री, शांति कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा के तुलसी प्रसाद साहू शासकीय प्राथमिक शाला डेरहाडीह धमतरी के बिलाई माता मंदिर के पास ⏩ शेष पेज 10 पर



# रमन, ऋतिक और समीक्षा को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल की प्राचार्य डॉ. खुर्शीद खान के मार्गदर्शन में स्वीप प्रभारी संजू लता पटेल, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले में आयोजित किया गया। इसमें मतदान जागरूकता कैम्पस एंबेसडर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कसडोल महाविद्यालय के रमन मिरी कक्षा बी कॉम तृतीय वर्ष, ऋतिक सेन बीएससी तृतीय वर्ष, समीक्षा घृतलहरे बीए प्रथम के छात्रों द्वारा मुख्यालय में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता सत्र 2023-24 के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मार्गदर्शन किया गया, जिसमें स्वीप प्रभारी संजू लता पटेल द्वारा महाविद्यालय का नाम रौशन करने पर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# दुकान से दानपेटी चोरी करने वाला गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

दुकान से दानपेटी चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी गुलशन निषाद पिता घनश्याम निषाद 29 साल निवासी संजारी नवागांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी दुकान में री श्याम बालाजी सेवा समिति रोहरा द्वारा कांच की दान पेटी रखी हुई थी। जिसे संजारी नवागांव के गिरवर साहू पिता गोपी साहू उम्र 30 साल निवासी संजारीनवागांव द्वारा आज 28 जनवरी को सुबह 11.15 बजे चोरी कर भाग गया है।



## अवैध शराब बरामद, ग्रामीण गिरफ्तार

**सुहेला।** ग्राम गाडाभाटा में एक ग्रामीण से घर से पुलिस ने अवैध शराब बरामद की है। ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रंजीत कुमार के घर पुलिस ने दबिश दी थी। आरोपी अपने घर के सामने 1 सफेद प्लास्टिक के बोरी के भीतर 22 नग प्लास्टिक पाउच सभी में 1–1 लीटर कुल 22 लीटर अवैध महुआ शराब बिक्री रखा, जिसे जब्त कर लिया गया। आरोपी रंजीत कुमार पिता आशाराम सोनवानी उम्र 36 वर्ष साकिन गाडाभाटा थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटपारा के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा, समीर शुक्ला, दिनेश चंद्रवंशी, सुरेश वर्मा, की विशेष योगदान रहा।



## ज्ञानोदय में वार्षिकोत्सव की रही धूम, छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

# रंगारंग प्रस्तुति से बच्चों ने लोगों का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

ज्ञानोदय उच्च माध्य विद्या हिरमी में वार्षिकोत्सव मनाया गया। अनुपम अग्रवाल जनपद सदस्य, प्रेमलाल सिन्हा समाज सेवी, तामेश्वर जायसवाल, धर्मेंद्र सरसीहा राजप्रधान, शेषनारायण धुरंधर, पूर्णिमा अजय धुरंधर ने पूजा अर्चना की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने समूह गान व नृत्य सहित विभिन्न देश भक्ति गीतों पर एकल व सामूहिक डांस प्रस्तुत किया। छोटे व बड़े बच्चों ने अपने मनमोहक नृत्य व अदा से सबको मोहित किया। दर्शकों ने भी होनहारों की अदाकारी को जमकर सराहा। वहीं कार्यक्रम के दौरान शहीदों की स्मृति में प्रस्तुत गीत व नृत्य को देखकर दर्शक भावुक भी हुए। मुख्य अतिथि अनुपम अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता–पिता के ⏩ शेष पेज 10 पर





### संगीत और नाटक के माध्यम से बच्चों ने दिए संदेश

वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। छात्रों ने एकल और सामूहिक नृत्य कर दर्शकों का मन लुभाया। कई छात्र–छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू मुस्लिम एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र – छात्राओं, छोटे छोटे बच्चों ने संदेश दिया।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज की किरण बघेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज की बैठक में समाज के पदाधिकारी, विभिन्न जिले से आए पदाधिकारी एवं समाज के लोगों की उपस्थिति में डॉ. किरण बघेल को कार्यकारी अध्यक्ष का जिम्मा सौंपा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक प्रदीप कुलदीप, महासचिव बेलादास सागर, मोहन गंधर्व कोषाध्यक्ष, ऑडिटर दिलीप सोनवानी, संरक्षक सुंदरदास कुलदीप, बी.एल. सोरी, बिनाका सूर्यवंशी, विक्रम सरित, राजेंद्र सूर्यवंशी, नरेश तांडिया, गीता सागर एवं उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर डॉ. किरण बघेल को छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया एवं मालती चौहान, बीएस सोरी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. बघेल की लगातार राजनीतिक और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए समाज ने यह फैसला लिया है। डॉ. बघेल को अपने समाज की पहली महिला कार्यकारी अध्यक्ष बनने मौका मिला है।

### मांग पूरी नहीं हुई तो छह फरवरी से बेमियादी हड़ताल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लघुवनोपज प्रबंधक संघ ने अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 902 प्रबंधकों ने 36 वर्षों से लंबित नियमितीकरण की मांग एवं वित्त विभाग से अनुमति मिलने के बाद भी प्रबंधकों को 7, 8, 9 ग्रेड-पे न मिलने के चलते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विभाग के एमडी से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि मांग पूरी न होने पर 6 फरवरी से वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई, जिसमें 2 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में खुलकर चर्चा हुई। लघुवनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामाधार लहरे ने बताया कि प्रबंधक विगत 36 वर्षों से 14 लाख लघु वनोपज संगठनकर्ता परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री निवास पहुना में शनिवार को नववर्ष कैलेंडर 2024 का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। कैलेंडर विमोचन के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में मोर्चा पदाधिकारी और सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात की।

# द्वारका अब दूर नहीं, रेलवे ने हापा एक्सप्रेस का किया विस्तार, यात्रियों को मिलेगी सीधी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी से द्वारका जाने अब यात्रियों को दो बार ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं है। रेलवे ने बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार कर दिया है। अब एक ट्रेन से सीधे द्वारका तक यात्री सफर कर पाएंगे। रेलवे ने गाड़ी नंबर 22939/22940 साप्ताहिक एक्सप्रेस का ओखा स्टेशन तक विस्तार कर दिया है। यह सुविधा ओखा से 27 जनवरी और रायपुर से 29 जनवरी से मिलेगी।

## 29 जनवरी से बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस से मिलेगी यात्रियों को सुविधा

### हापा से जाना पड़ता था द्वारका

जोन से सीधी ट्रेन की सुविधा होने से बर्थ की संख्या बढ़ेगी और यात्रियों को इसका लाभ भी मिलेगा। इसे देखते हुए बिलासपुर-हापा साप्ताहिक एक्सप्रेस को ओखा रेलवे स्टेशन तक विस्तार किया गया है। यह साप्ताहिक ट्रेन बिलासपुर से प्रत्येक सोमवार और ओखा से प्रत्येक शनिवार को चलेगी। पहले हापा स्टेशन पहुंचने के बाद परिचालन समाप्त हो जाता था। हापा से द्वारका स्टेशन बहुत दूर है। ऐसी स्थिति में लोगों को हापा से दूसरी ट्रेन या संसाधनों के माध्यम से द्वारका जाना पड़ता था।



### इस तरह रहेगा ट्रेन प्रस्थान का समय

हापा के बाद के स्टेशनों के आगमन व प्रस्थान का समय रेलवे ने इस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के हापा के बाद ओखा स्टेशन तक के आगमन व प्रस्थान का समय घोषित किया है। इसके तहत बिलासपुर से छूटने वाली ट्रेन 15.08 बजे हापा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। जामनगर 15.24 बजे, खंबालिया 16.17 बजे, 17.46 बजे द्वारिका और 18.50 बजे ओखा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी ओखा से 19.05 बजे छूटकर 19.36 बजे द्वारिका, 20.47 बजे खंबालिया, 21.33 बजे जामनगर और 22.18 बजे हापा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। अन्य स्टेशनों में ट्रेन के आगमन व प्रस्थान का समय यथावत रहेगा।

रायपुर से सभी दिशा की लिए ट्रेन है। इस दिशा में धार्मिक स्थल भी आते हैं, लेकिन कुछ प्रमुख धार्मिक स्थलों से अभी सीधे रायपुर से ट्रेन की सुविधा नहीं है। ऐसे स्थलों पर यात्री उन ट्रेनों में रिजर्वेशन कराते हैं, जो जोनल स्टेशन से गुजरती है। इन धार्मिक स्थलों में एक नाम द्वारका धाम का भी है। द्वारका से हावड़ा-ओखा एक्सप्रेस चलती है। यह ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती है। द्वारिका धाम जाने वाले अधिकतर यात्री इसी ट्रेन में रिजर्वेशन कराते हैं। जोन की ट्रेन नहीं होने से बर्थ की संख्या कम निर्धारित है। इस वजह से कई बार यात्रियों को कन्फर्म बर्थ नहीं मिल पाती।

# क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध

## राजस्व मंत्री ने किया सुहेला में तहसील कार्यालय का भूमिपूजन व कई कार्यों लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को ग्राम सुहेला में करीब 63 लाख की लागत से बनने वाले तहसील कार्यालय भवन का भूमिपूजन तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही सुहेला के तिगड्डा चौक में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तहसील कार्यालय भवन का आज भूमिपूजन किया गया है, जिसका निर्माण तय समय मे पूरा होगा। भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे सुहेला विकास का केंद्र बनेगा। कई नए शासकीय कार्यालय खुलेंगे। इसके लिए शासकीय जमीनों को बचाकर रखना होगा। अतिक्रमण बिल्कुल भी नहीं होने देना है। अवैध शराब के बिक्री और परिवहन में सख्ती से कार्रवाई होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए सबको आगे आना होगा। सुहेला का विकास होगा तो इसके आस –पास के गांवों का भी विकास होगा। इसलिए हम सबको इसके लिए मिलकर प्रयास करना है।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आदिति बघमार,जनपद सदस्य सरोजिनी बघमार, सरपंच श्रीमती सविता संतोष वर्मा, एसडीएम अमित गुप्ता, जनपद सीईओ श्रो अमित दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,अधिकारी–कर्मचारी तथा बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### इन कार्यों का हुआ लोकर्पण

राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें स्वास्थ्य केंद्र में 10 बिस्तरीय वार्ड का निर्माण, साहू सामुदायिक रंगमंच का निर्माण, तिगड्डा चौक में व्यवसायिक काम्प्लेक्स, खल्लारी मंदिर परिसर में शेड निर्माण, शासकीय प्राथमिक शाला सुहेला का जीर्णोद्धार कार्य, तिगड्डा चौक में सामुदायिक शौचालय निर्माण, डिजिटल एक्सरे कक्ष निर्माण, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में रंगमंच निर्माण, दुर्गोत्सव मैदान में रंगमंच निर्माण,प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुहेला में खाद गोदाम एवं अहाता निर्माण शामिल है।

### राजस्व मंत्री ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को कम्बल व फल देकर किया सम्मानित

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर बलौदाबाजार स्थित श्री वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचे। उन्होंने बुजुर्गों से मिलकर उनसे बातचीत की व कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत 13 बुजुर्गों को कम्बल व फल देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री वर्मा ने वृद्धाश्रम के डायनिंग हाल, किचन एवं शयन कक्ष का अवलोकम कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम की केयर टेकर से बुजुर्गों के लिए उपलब्ध भोजन, मेडिकल सुविधा, पेयकल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बुजुर्गों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि तुलसी लोक विकास संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित श्री वाटिका वृद्धाश्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त है। यहां वर्तमान में 10 महिला एवं 3 पुरुष बुजुर्ग निवासरत है। यहां बुजुर्गों को समय पर नाश्ता एवं भोजन दिया जाता है। शुद्ध पेयजल के लिए एक आरओ सिस्टम भी है। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन एसडीएम सुश्री रोमा श्रीवास्तव, समाज सेवी विजय केशरवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# संकट चौथ व्रत होगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

इस वर्ष गणेश संकष्टी व्रत याने संकट चौथ व्रत 29 जनवरी को है। इसे तिलकुट चौथ भी कहते हैं। पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह व्रत संतान सुख के लिए माता के द्वारा किया जाता है। दिनभर निराहार व्रत रहकर शाम को गणेश जी की पूजा की जाती है। इस वर्ष चौथ को चंद्रोदय रात्रि 8. 55 बजे होगा। चंद्रदेव उदय के बाद गणेश जी को गाय के दूध से अर्ध्य दिया जाता है। गोबर की नाव बनाकर बंगला पान में पति या पुत्र के द्वारा दूध की धारा व्रती माताएं अपनी आंचल में लेकर छोड़ती है। जिससे गणेश जी क्षीर स्नान का लाभ लेते हैं, और प्रसन्न हो जाते हैं। श्रीगणेश पार्वती सुताए नमो नमः। मंत्र बोलकर अर्ध्य देना चाहिए। फिर वस्त्र दीप नैवेद्य अर्पण करके गणेश जी की आरती करना चाहिए। इस व्रत में तिल की बड़ी महिमा होती है। तिल गुड़ की बनी लड्डू से ही गणेश जी को भोग लगाया जाता है। काले तिल को सर्वोत्तम कहा गया है। अतः काले तिल का ही प्रयोग करना चाहिए।पूजा करने के पश्चात फलाहार करने का विधान है। इस व्रत को माता पार्वती ने सतयुग में अपने पुत्र कार्तिकेय और गणेश की मंगलकामना के लिए की थी। उन्हें व्रत करते देख शिवगणों के घर में भी यह व्रत किया जाने लगा। धीरे–धीरे यह व्रत पूरे विश्व में फैल गया। इस व्रत को करने से माता को मातृत्व सुख और वात्सल्य प्रेम का अनुभव होता है। संतान भले ही बड़े हो जाए, मगर माता के लिए वह सदैव छोटे ही होते हैं। और माता–पिता से सदैव आशीर्वाद लेने की उन्हें हक होता है।

- चंद्रदेव उदय के बाद गणेश जी को दिया जाएगा दूध से अर्ध्य
- माताएं करेंगी निराहार उपवास

# 12 डिग्री तक नहीं पहुंचा रायपुर में रात का तापमान नौ साल बाद बने ऐसे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बादल-बारिश के बीच 25-26 जनवरी की रात रायपुर का तापमान 12.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे कम तापमान है। आंकड़ों की मानें, तो पिछले नौ साल में जनवरी का पारा इतना ऊपर नहीं चढ़ा, वर्ष 2014 में ही न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री तक पहुंचा था। पिछले तीन दिनों से रात में ठंड महसूस हो रही थी, मगर आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से यह कम होने की संभावना बन रही है।

- पश्चिमी विक्षोभ फिर करेगा प्रभावित

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक रायपुर में आम तौर पर ठंड जनवरी में अपना असर दिखाती है, मगर इस बार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से ठंड सीमित दिनों में ही सिमटकर रह गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में रायपुर का पारा माह के अंतिम दिनों में 12 डिग्री से नीचे चला जाता है, जिससे काफी ठंड महसूस होती है। इस बार आने वाले विक्षोभ के व्यवधान की वजह से तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं हुई और 25-26 जनवरी की दरम्यानी रात शहर का पारा 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे कम तापमान था। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले नौ साल में शहर का तापमान इतना अधिक नहीं हुआ था। पिछले तीन दिनों से तापमान में लगातार गिरावट आने की वजह से ठंड महसूस हो रही, मगर रविवार से इसका असर कम होता प्रतीत होगा। आने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रात के तापमान में अगले पांच दिनों में क्रमिक रूप से वृद्धि होने का दौर शुरू होगा।

### सरगुजा इलाके में अच्छी ठंड

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले तीन दिनों तक सरगुजा संभाग के कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई थी। वहां का तापमान सामान्य पांच से सात डिग्री तक कम दर्ज किया जा रहा था। दो दिन से इसमें बढ़ोतरी हो रही है, मगर अभी भी वहां ठंड का प्रभाव अधिक है। आने वाली शुष्क हवा में कमी आने से वहां भी कम होती ठंड महसूस होगी।

# प्रतिभावान विद्यार्थी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम छड़िया में नया संसार मानव कल्याण सेवा सोसायटी प्रार्थना भवन ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राथमिक विद्यालय से हाईस्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को यहोवा निस्सी सम्मान के ट्राफी से सम्मानित किया गया है।

जिसमें छात्र गीता,कुन्ती, उमेश यादव,तेजल बघेल, झरना साहू,गीता साहू,दामनी साहू, अर्चना, सौरभ बंजारे, युवराज,तुलेश,दिपीका, घनश्याम, वेदप्रकाश डहरिया, देवेन्द्र, हरीश,तानिया, शांति,कक्षा दसवीं हिरा साहू प्रथम 78.8 प्रतिशत ,नीलिमा,73 प्रतिशत को यहोवा निस्सी सम्मान प्राप्त हुआ। अइस अवसर पर अथिति नया संसार मानव कल्याण सेवा सोसायटी छड़िया अध्यक्ष पास्टर रवि बघेल, विरेन्द्र साहू सरपंच, उपसरपंच पूर्णिमा साहू, पूर्व सरपंच भागवत बघेल, दीपक अग्रवाल,कौशल यादव, नरेंद्र चेलक, रामलाल बंजारे,विजय बंजारे,डोमर साहू, पंचगण एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। शाला परिवार हाईस्कूल प्रधानाचार्य, मिनी बारले माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक मुकेश कुमार साहू,प्राथमिक विद्यालय प्रधान पाठक प्रभा कश्यप सहित शिक्षक उपस्थित थे।

# बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर कंपनी के चेयरमैन पी. दयानंद कहा, सभी अधिकारी-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2023 से 42 प्रतिशत से बढ़ाकर 46 प्रतिशत किया गया है। उन्होंने बोनस 11 हजार रुपए तथा वाहन भत्ते में वृद्धि की भी घोषणा की। पी.दयानंद ने कहा, छत्तीसगढ़ आर्थिक रूप से तेजी से उभरता हुआ प्रदेश है। हम कोयला आधारित संयंत्रों के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी कदम बढ़ा रहे हैं। इसके लिए जनरेशन कंपनी ने प्रदेश के 5 स्थानों को पंप स्टोरेज तकनीक से विद्युत उत्पादन के लिए चिन्हित किया है।

कोरबा पश्चिम में लगभग 13,000 करोड़ की प्रस्तावित 1,320 मेगावॉट के सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर परियोजना की स्थापना की दिशा में हम तेजी से अग्रसर हैं। समारोह में प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के.कटियार, ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार वर्मा, ए. श्रीनिवास राव विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शातिर वाहन चोर दंपति गिरफ्तार 8 दोपहिया व 1 ई-रिक्शा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन की लगातार हो रही चोरी के मामले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय एक दंपति को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी की 8 दोपहिया वाहन और 1 ईरिक्शा बरामद किया है। आरोपी पति-पत्नी मूलतः नागपुर क्षेत्र के हैं, जो पिछले कई महीनों से भनपुरी रायपुर में रहकर दोपहिया वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आजाद चौक क्षेत्र में पिछले कई माह से दोपहिया वाहन की चोरी हो रही थी। इस मामले की रिपोर्ट थाने में भी दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस लगातार चोरों की तलाश में थी। इसके लिए पुलिस ने अपने मुखबिरों को अलर्ट कर रखा था। इस बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक दंपति वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी दंपति अनमोल जनबंधु एवं उसकी पत्नी गीता को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 8 दोपहिया वाहन एवं 1 ईरिक्शा जप्त किया है। आरोपी दंपति नागपुर पिली नंदी थाना कामठी जिला नागपुर निवासी है। वर्तमान में दंपति भनपुरी के रामेश्वर नगर छट तालाब के पास निवासरत है।

### जप्त वाहन

ई रिक्शा क्रमांक सीजी-04/एमएल-0866, प्लेजर सीजी-04/केजे-7056, हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी-04/डीयू-8446, हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी-04/एनवाय-0699, डीआइजी स्कूटी सीजी-04/एलयू-7392, अर्बन आर-15 सीजी-04/एनएस-0459, एवेंजर सीजी-04 एलएम-7559, हीरो स्प्लेंडर सीजी-04/एनवाय-7776 ।

## प्रीमियम दुकानें संचालित करने का प्रस्ताव

# शराब दुकानों में अहाता शुरू करने की फिर कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नई आबकारी नीति के तहत आबकारी विभाग शराब दुकानों में अहाता शुरू करने की कवायद कर रहा है। राज्य कैबिनेट की बैठक में यह विषय विचार के लिए लाया गया था। विभाग की ओर से मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं एवं अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति के लिए अहाता का संचालन किए प्रस्ताव दिया गया है। अहाता संचालन के लिए लाइसेंस धारकों का निविदा के माध्यम से जिला स्तर पर चयन किया जाएगा।

वहीं विभाग द्वारा महंगी विदेशी शराब के लिए प्रीमियम शॉप शुरू करने का प्रस्ताव है। आबकारी विभाग के जरिए अतिरिक्त राजस्व कैसे प्राप्त किया जाए, इसके लिए आबकारी विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।

इनमें मदिरा प्रेमियों के लिए शराब पीने अहाता बनाए जाने को लेकर विचार किया गया। बताया गया है कि अहाता बनाने के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर लाइसेस धारकों को यह काम दिया जाएगा। अहाता संचालन के संबंध में नियम शर्तों का निर्धारण किया जा रहा है। नियम शर्त तय होने के बाद आबकारी आयुक्त द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाएंगी।



### *प्रीमियम दुकानें होंगी संचालित*

*महंगी शराब के शौकीनों के लिए कुछ चिन्हित जगहों पर प्रीमियम दुकानों का संचालन किए जाने की कवायद फिर से शुरू की जा रही है। आबकारी विभाग ने इसका भी प्रस्ताव दिया है। आबकारी विभाग राज्य में हर ब्रांड की शराब उपलब्ध हो, असके लिए अन्य कंपनियों से भी अनुबंध करने जा रहा है। पूर्व में ब्रेवरेज कारपोरेशन के माध्यम से होने वाली शराब की खरीदी केवल तीन एजेंसियों के माध्यम से की जाती थी। अब इसे बढ़ाकर अन्य एजेंसियों से लेने पर विचार किया जा रहा है।*

### *लक्ष्य से अधिक राजस्व की प्राप्ति*

*छत्तीसगढ़ में प्रदेश सरकार ने पिछले बजट में आबकारी से 6500 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा था। दिसंबर तक विभाग को इसके विरुद्ध 6075 करोड़ रुपए का राजस्व मिल चुका था। अभी वित्तीय वर्ष के तीन माह बाकी है, इसमें करीब 2000 करोड़ तक का राजस्व और मिलने की संभावना है। ऐसे में लक्ष्य का करीब डेढ़ गुना अधिक राजस्व मिलने का अनुमान है। ऐसे में आने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 में आबकारी विभाग का टारगेट डेढ़ गुना से अधिक और बढ़ाने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह बढ़कर लगभग 11 हजार करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।*

## पेज 9 के शेष

### वाइल्डलाइफ सेंचुरी बारनवापारा ...

सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। अभयारण्य में गौर, भालू, बायसन, चीतल, मोर, सांभर, कोठरी, जंगली सुअर व अन्य जीव दिख रहे हैं।

### रंगारंग प्रस्तुति से...

बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है. शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए. मुझको लगता है कि इन सब गुणों में यही स्कूल सबसे अव्वल दर्जे का है. जिस तरह स्कूल के छात्रें ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. ऐसे में लगता है कि शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं और उन्होंने सभी का उत्साहवर्धन भी किया. शिक्षा के साथ–साथ छात्रें के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय–समय पर होते रहना चाहिए. छात्रें को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। संस्था प्रमुख पी आर वर्मा ने कहा कि मौजूदा दौर कड़ी प्रतिस्पर्धा का है, लिहाजा लक्ष्य हासिल करने व जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन बहुत जरूरी है सांस्कृतिक प्रभारी शैल वर्मा ने कहा कि ईमानदारी व निष्ठा से की जाने वाली मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। उसका परिणाम सदैव सुखदायी होता है। गुरुजनों का आदर व सम्मान के बिना मंजिल नहीं मिलती। फलतः इसका भी विशेष ध्यान रखें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अन्य प्रदेश के लोक नृत्य सहित विभिन्न कलाओं की प्रस्तुति दी। दर्शक–दीर्घा में तालियां गूंजती रहीं। कार्यक्रम के दौरान दिलेश्वर मढ़रिया, ललित वर्मा राजकपूर,हरिश वर्मा, पंकज पूर्णिमा साहु ,गोलू सर ,हेमंत वर्मा सीमा वर्मा रमा मढ़रिया सहित ज्ञानोदय सुहेला, रावन के शिक्षकगण का सहयोग रहा ।

### सावित्री बाई फुले...

गोंडवाना भवन में शहीद गेंदरामनायक के शहादत दिवस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मां सरस्वती का पूजन राज गीत काव्य पाठ का आयोजन किया गया। अतिथियों ने गेंद्रम नायक के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षक महेत्तर देवांगन उपस्थित थे।


मान.श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग.शासन
मान.श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
स्कूल शिक्षा ,उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धर्मस्व,पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग मंत्री
मान.श्री दयालदास बघेल जी
खाद्य नागरिक ,उपभोक्ता विभाग मंत्री
मान.श्री टंकराम वर्मा जी
खेलकुद युवा कल्याण एव राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री
मान.श्री शिवरतन शर्मा जी
प्रदेश उपाध्यक्ष भा.ज.पा. छ.ग.
पूर्व विधायक भाटापारा
श्री दिनेश केड़िया जी को
राईसमिल एसोसिएशन
जिला बलौदाबाजार भाटापारा
के जिला
अध्यक्ष नियुक्त होने पर
श्री दिनेश केड़िया जी
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान.श्री योगेश अग्रवाल जी
प्रदेश अध्यक्ष
राईसमिल एसोसिएशन छ.ग.
मान.श्री प्रमोद जैन जी
प्रदेश महामंत्री
राईसमिल एसोसिएशन छ.ग.
मान.श्री विजय तायल जी
प्रदेश महामंत्री
राईसमिल एसोसिएशन छ.ग.
प्रमोद केड़िया
सेठ बंशीधर केड़िया चावल उद्योग प्राईवेट लिमिटेड
प्रमोद शर्मा
प्रमोद चावल उद्योग
मनोज केड़िया
एकदन्त चावल उद्योग
नरेन्द्र भूषाणिया
मार्डन राईसमिल
अजय शर्मा
अभिनव इण्डस्ट्रीज
देवेन्द्र भृगु
सावित्री राईसमिल भाटापारा
शरद भृगु
श्री शिवानी इण्डस्ट्रीज
गोपाल अग्रवाल
भगवती उद्योग
नरेश केड़िया
श्री अग्रसेन राईसमिल
राजनारायण केशरवानी
सत्यनारायण राईसमिल
अशीम बिसनोई
श्री कमल इण्डस्ट्रीज
अश्वनी शर्मा
अभिनव इण्डस्ट्रीज
अंतुल सोलंकी
रामजी भीमजी एण्ड ब्रदर्स बलौदा बाजार
अविनाश शर्मा
कान्हा राईस इण्डस्ट्रीज
आयुष केड़िया
एकदन्त चावल उद्योग
चेतन भानुसाली
गोपाल जी राईसमिल
दया नायक
गायत्री राईसमिल चेचरपाली
दया नयाक
लक्ष्मी राईसमिल चेचरपाली
निशीथ वर्मा
आदिनाथ राईसमिल
दिनदयाल अग्रवाल
लक्ष्मी राईसमिल
मनीष अग्रवाल
गायत्री फुड्स
राजेन्द्र पटेल
अभय राईसमिल
गोपाल केड़िया
सजल फुड्स
हर्ष गोइंदनी
श्रीकृष्ण राईसमिल
ईश्वरचंद अग्रवाल
जगदम्बा राईसमिल
जयेस सचदेव
पार्टनर एम.ए. फुड प्रोडक्ट
कमलेश साहू
कर्ष राईसमिल
लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल
पंचवटी राईसमिल
महामाया एग्रो
इण्डस्ट्रीज कुम्हारी
महेन्द्र
इण्डस्ट्रीज
संजय अग्रवाल
अर्पिता राईस इण्डस्ट्रीज
मंयूर शर्मा
भोलेनाथ इण्डस्ट्रीज
मुकेश जायसवाल
आशाराईस इण्डस्ट्रीज
मुकेश धारानी
जय दुर्गा राईसमिल
प्रवीन केड़िया
श्री सिद्धीविनायक राईस इण्डस्ट्रीज
नरेश भट्टर
गोपल राईसमिल
अभिषेक मिश्रा
अभिषेक राईसमिल कसडोल
संदीप अग्रवाल
निरंजन एग्रो इण्डस्ट्रीज
गुरूमुख गंगवानी
पवन राईसमिल
दीपक अग्रवाल
पीतावली राईसमिल
तुषार नायक
आदित्य इण्डस्ट्रीज
पुरनलाल जोतवानी
कविता राईस प्रोडक्ट
राहुल शर्मा
राहुल इण्डस्ट्रीज भाटापारा
राजेश केड़िया
सजल फुड्स
राजकुमार सोलंकी
रामजी भीमजी ब्रदर्श बलौदाबाजार
अजय कुमार चांडक
माहेश्वरी मिल
राकेश मंधान
सार्थक इण्डस्ट्रीज भाटापारा
रमेश कुमार साहू
राधा एग्रो कसडोल
रूपचंद धारानी
पीयूष परभोलीन प्लॉट
संदीप केड़िया
रौनक राईसमिल
संजू पटेल
मंथन राईसमिल
संतोष केड़िया
लक्ष्मी ट्रेडर्स
सपन केशरवानी
गणेश राईसमिल
सरवेन्द्र साहू
लक्ष्मी राईसमिल लवन
संतीष केड़िया
केड़िया एग्रो फार्म प्राईवेट लिमिटेड
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्
राईसमिल
टिकेश्वर मनहरे
अमित फुड्स
आनंद
आनंद एग्रो इण्डस्ट्रीज
शिव शर्मा
श्री ओंमकार उद्योग
नरेन्द्र भोजवानी
शिवम राईसमिल भाटापारा
श्री कृष्णा
राईस इण्डस्ट्रीज चेचरापाली
हेमंत चौधरी
श्री बालाजी राईसमिल चंदन
श्री कृष्णलाल सचदेव
राईसमिल
सुशील कुमार भुषानिया
एस.के. इण्डस्ट्रीज
सुधीर नायक
सन राईस इण्डस्ट्रीज
सूरज धारानी
राहुल राईसमिल भाटापारा
तरूण केशरवानी
सत्यनारायण राईसमिल
वंश चौधरी
अक्षय राईस इण्डस्ट्रीज
योगेश पटेल
श्री राम एग्रो इण्डस्ट्रीज
अंशुल जोतवानी
कविता राईस इण्डस्ट्रीज
विनीत - राईसमिल एसोसिएशन
जिला - बलौदाबाजार - भाटापारा
(1). सूरज अग्रवाल - महावीर राईसमिल (2).प्रेमचंद अग्रवाल - अन्नपूर्णा राईसमिल (3).अरूण कुमार मुंजड़ा - श्री करनी ट्रेडर्स
(4). संदीप भूषाणिया - सियाराम राईसमिल (5). रमेश अग्रवाल - एस.आर. ट्रेडिंग (6). जितेश गोइंदानी - श्री केशव पोहा

## खबर संक्षेप



### छेरछेरा में उत्साह से किया गया अन्नदान

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहार छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर गुरुवार को लोगों ने खुलकर अन्नदान किया। अंचल के सभी गांवों में बच्चे, युवक, युवतियों में पर्व को लेकर काफी उत्साह नजर आया, जिन्होंने घर-घर जाकर अन्न दान मांगा। इसके लिए प्रातः से ही बच्चों की टोलियां निकल पड़ी थीं। उन्होंने पारंपरिक गीत छेरिक छेरा, छेर बरतनीन छेर छेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा, गाते हुए घर–घर जाकर लोगों से अन्नदान मांगा पर्व को लेकर ग्रामीण अंचल के लोगों में पूर्व से ही उत्साह नजर आया। छेरछेरा मांगने वाले बच्चों में जो उत्साह था, उससे कहीं अधिक उत्साह दान करने वालों में दिखा जिस घर के भी दरवाजे पर बच्चे पहुंचे। लोगों ने पूरे उल्लास के साथउन्हें अन्न का दान कर छेरछेरा पर्व की खुशियां बांटी। पर्व पर धान की फसल लेने वाले कृषक वर्ग के लोग घर की कोठी में रखे धान को दान कर घर परिवार की खुशहाली की कामना की। अंचल में दिनभर गूंजता रहा छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेरहेरा।

### अकीदत के साथ मना बाबा ताजुद्दीन का जन्मदिन

**भाटापारा।** नागपुर वाले ताजुद्दीन




बाबा का जन्म उत्सव 27 जनवरी को बड़ी अकीदत के साथ मनाया गया। जन्मदिन पर मुंशी ईस्माइल वार्ड दादा मियां और सेंड मेरी कॉलोनी जब्बार बाबा के यहां दोपहर को फतिया की गई फतेहाबाद दुआ में बाबा ताजुद्दीन से शहर एवं देश में अमन चैन बना रहे की दुआ मांगी। उसके बाद लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। शाम को ताजुद्दीन बाबा के नाम से चादर धुमाल पार्टी द्वारा निकाली गई। कई जगहों पर केक काटकर बाबा ताजुद्दीन का जन्मदिन बड़ी उत्साह से मनाया गया !

### नशे की हालत में महिला ने किया जहर सेवन, मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम आमगांव में एक महिला ने नशे की हालत में जहर सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि बुधयारिन बाई खड़िया पति स्व उदेराम (58) ने नशे की हालत में अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब पिलाने की सुविधा, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा थाना पुलिस ने शराब पीने की सुविधा दे रहे सहमत लाल पिता नोहर सिंह कमार (40) बोड़रा को उनके घर के पास से एवं कन्हैया यादव पिता श्यामलाल यादव (45) बोड़रा को भी घर के सामने से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**महासमुंद।** नगर के टाऊन हाल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर सादर नमन किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पार्षद पवन पटेल, पार्षद संदीप घोष सहित युवागण उपस्थित रहे।

### लाला लाजपत राय की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जीवनपर्यंत विरोध के स्वर मुखर करने वाले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई।

# आन-बान-शान से जगह-जगह लहराया तिरंगा, समारोह में दिखा जोश व जज्बा

## गणतंत्र दिवस पर छात्र छात्राओं ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय केशला में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां भारती,छत्तीसगढ़ महतारी, भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात श्रीमती सरोज मुकेश भारद्वाज जनपद सदस्य एवं श्रीमती द्रोपती विनोद देवांगन के द्वारा संयुक्त रूप से झण्डा फहराया गया।

**छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकालकर देशभक्ति नारे लगाए**

संस्था के सभी बच्चे शिक्षक गंगनभेदी नारों के साथ प्रभातफेरी निकाल कर स्कूल चौक,पड़यईन चौक एवं लालबहादुर शास्त्री चौक में झंडा फहराते हुए वापस शाला पहुंचे । पूर्व सरपंच श्रीमती द्रोपती विनोद देवांगन, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती शांति देवांगन, श्रीमती तरुलता देवांगन पंच एवं अन्य मातृ शक्तियों ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर, पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ किया ।

शाला के बालक बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति , हरेली आगे, सुवा नृत्य, राऊत नाचा, पंथी नृत्य एवं अन्य छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोह लिया । गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती सरोज मुकेश भारद्वाज, पूर्व जनपद सदस्य मुकेश भारद्वाज, सरपंच विनोद देवांगन, शंकर देवांगन पंच,मयंक चौहान पंच, सरस्वती देवांगन पंच, तरुलता देवांगन पंच, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष शांति देवांगन, डीगेश्वरी देवांगन, रेवती देवांगन, नेहरु देवांगन, शिवकुमार देवांगन, पन्नालाल बंजारे, रुप लाल देवांगन, रामचरण देवांगन, पवन देवांगन एवं ग्राम केशला के गणमान्य नागरिक गण ,मातृशक्तियां अधिक संख्या में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में, शाला परिवार से संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा, जयप्रकाश टंडन, लता देवांगन, अंजनी गिलहरे, गणेश्वरी नवरंगे, रेखा देवांगन, किरण वर्मा, अरुणा वर्मा, इंदू देवांगन, रसोईया लक्ष्मी बंजारे, भुखैईया, गायत्री सिन्हा का विशेष योगदान रहा । संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया ।



### परशुराम चौक में लहराया तिरंगा



**लवन ।** नगर के बाम्हण पारा में गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी रामेश्वर पांडेय द्वारा किया ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष संजय बाजपेई द्वारा किया गया इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सिद्ध नाथ पांडेय विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 11 के पंच मृत्युंजय पांडे सक्रिय कांग्रेसी नेता सतीश पांडे पुनीत पांडे राजीवयुवा मितानक्लब के पूर्व अध्यक्ष अभय तिवारी कोषाध्यक्ष अक्षत मिश्रा तुषार पांडे राजू पांडे आदित्य पांडे प्रत्यूष पांडे दुर्गेश बाजपेई अमर मिश्रा केशव मिश्रा भूपेंद्र सोनी महादेव कोसले आकाश पांडे प्रभात पांडे ,प्रांजल पांडेय एवं ग्रामीण उपस्थित है। कार्यक्रम का संचालन धीरज मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के पश्चात बूंदी सेवएवं लड्डू का वितरण किया गया।

## बच्चियां बनीं भारतमाता और बच्चे फौजी बनकर देशभक्ति जगाई



**भटगांव।** भटगांव मे संचालित करियर पॉइंट नेशनल स्कूल भटगांव में 75 वें गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के बच्चों एवं स्टॉफ द्वारा बैंड के साथ प्रभातफेरी करके नगर का भ्रमण किया गया। बच्चे फौजी, भारतमाता इत्यादि के गेटअप मे नजर आए। लोगों को देश व संविधान के प्रति जागरूक किया गया। प्रभातफेरी रैली की अगुवाई स्कूल के डायरेक्टर प्रियंका चौहान ने किए।

नगर पंचायत भटगांव के धर्मेंद्र साहू व सदस्यों सहित, स्कूल के प्राचार्य नरेश चौहान की उपस्थिति में सर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीर में पुष्पमाला अर्पण कर। भारतमाता की पूजा अर्चना करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि धर्मेंद्र साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी बच्चों के द्वारा भारतमाता, तिरंगे झंडे की जय के नारे के साथ सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। इस दौरान प्रज्ञा इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर के. पी. पटेल, कोषाध्यक्ष रूपनारायण सिंह ठाकुर, रामदुलार साहू, सचिव योगेश केशरवानी, उमा धीवर, संदीप पटेल एवं पालक उपस्थित रहे। तत्पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा भाषण, गीत, कविता इत्यादि प्रस्तुत की गये. कार्यक्रम को सफल बनाने में वाइस प्रिंसिपल रमेश विभार, देवानंद साहू, रमेश कुर्रे, देवानंद चौहान, गजानंद साहू, प्रकाश नारंग, लीलाधर कुर्रे, सुरेन्द्र भारती, रश्मि देवांगन, संध्या साहू, भारती आदित्य, प्रीती देवांगन, मिनाक्षी साहू, हेमलता पटेल, निधि पटेल, सेवती साहू, ममता केसरवानी, रेशमा मानिकपुरी एवं अंजली कुर्रे सहित स्कूल के बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

### अंचल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**हिरमी रावन।** अंचल के हिरमी मोहरा बरडीह भालेसूर मुसवाडीह सहित आसपास की गांव में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रीय गीत का आयोजन किया गया। इसके अलावा शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भालूकोना चितावरधाम में ध्वजारोहण कर पुजारी राम प्रसाद वर्मा ने संबोधित किया।



## धूमधाम से मना राष्ट्रीय पर्व



**बलौदाबाजार।** न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट संयंत्र ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना। इस अवसर पर क्लस्टरहेड राजूरामचंदन, आपरेशन सहित सभी विभागाध्यक्ष, सुदीक्षा लेडिजक्लब की अध्यक्ष जंयती रामचंदन, कर्मचारीगण तथा उनके परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

सर्वप्रथम राजूरामचंदन के ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी गई। भारतमाता के जयकारे का उद्घोष के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात उन्होंने परेड की सलामी ली तथा निरीक्षण किया । अतिथि ने सभी को राष्ट्रप्रेम तथा सद्भावना की बात कही । संयंत्र देश के विकास की धुरी है, जब संयंत्र भलीभंति चलते है, तब विकास का पहिया घूमता है । कार्य परिसर एवं समस्त वातारण की स्वच्छता को बनाए रखने पर जोर दिए। संयंत्र के कार्य के साथ ही साथ परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को निर्वहन करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिया गया

संयंत्र कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत गाए तथा सीएसआर कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र से आई प्रशिक्षार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकपारंपरिक गीतपर नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी । रस्सा खींच का फाइनल में केनिकल की टीम विजयी रही । अंत में सुरक्षा प्रहरियों को उनकी सराहनीय भूमिका तथा सभी प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयंत्र के कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओ का आयोजन कर उन्हे पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया । जिला स्तरीय परेड मे न्यूविस्टा लिमिटेड रिसदा सीमेंट संयंत्र द्वारा कौशल विकास गतिविधियों की झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें नूवो में सनप्रशिक्षण में कुशल राजमिस्त्री एवं दक्ष प्रशिक्षण में कुशल आद्योगिक सिलाई मशीन चालक के रुप में तैयार कर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं, उसे दिखाया गया ।

## गणतंत्र दिवस पर जगह - जगह तिरंगा फहराया गया

**पलारी।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के 75 वीं वर्षगांठ पर शासकीय तथा अर्धशासकीय सँस्थाओं में ध्वजारोहण के पश्चात स्कूली विद्यार्थियों ने जय जवान जय किसान, वंदे मातरम, भारत माता की तथा महात्मा गांधी अमर रहे का जयघोष करते हुए रैली निकाली। नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीद भगत सिंह, नगर पंचायत कार्यालय, सुभाष सहकारी संस्था मे ध्वजारोहण कर तिरँगे को सलामी दी। जनपद पंचायत कार्यालय मे अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर, वीर शहीद युगल किशोर वर्मा प्रतिमा स्थल पर उनके पिता शिव वर्मा,वार्ड नं 11 मे पार्षद गोपी साहू ने सेवानिवृत्त शिक्षक मनराखन कनौजे के हाथों ध्वजारोहण करवाया।काँग्रेस कार्यालय मे अध्यक्ष सुनील कुर्रे, बीईओ कार्यालय मे बीईओ केएन वर्मा, सीएससी मे बीएमओ बीएस ध्रुव,पुलिस थाना मे निरीक्षक शशाँक सिँह तथा प्रेस क्लब पलारी में सदस्यों ने ध्वजा रोहण किया।




### वरिष्ठ नागिरकों का हुआ सम्मान

इसी तरह नगर पंचायत क्षेत्रंअँतर्गत वरिष्ठ नगरिकों के सम्मान करते हुए नगर अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने गांधी चौक प्रतिमा स्थल पर डा.भगवती सेन,ठाकुर देव चौक मे भुनेश्वर वर्मा, महामाया चौक में चौतराम देवांगन, मनी कंचन मे जेठू राम द्वारा ध्वाजारोहण करवाया गया।नवीन नगर पँचायत रोहाँसी कार्यालय में नगर पँचगण अध्यक्ष किरण सँतोष बघेल ने ध्वजारोहण किया। ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम पंचायत घिरघोल में सरपंच राजकुमारी साहू ग्राम पंचायत दतान सरपँच वेदप्रकाश वर्मा, ग्राम पंचायत सिंधोरा दिलीप कुमार यादव ,कुर्मी भवन में राजप्रधान भुनेश्वरी तिलक वर्मा, द्वारा झँडोत्तोलन किया गया। उक्त अवसरों पर महेश ढीढी, रज्जाक खान, यमलोक साहू, मिलेश यादव, मिथलेश शुक्ला, केशव साहू, टोमन साहू, डोमार सिँह खँडेलवाल,नीलकमल आजाद, नगर पंचायत सीएमओ बीके लोन्हारे ,पार्षद ताजेन्द्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा,सन्तोष देवांगन, पुष्पा मोहन बंजारे, हरीश गेंडरे, नीतू भूषण ठेठवार, रवि ध्रुव, मूलचंद धीवर, नूतन मनोज वर्मा, इंद्र वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ट नागरिक तथा मातृ शक्ति बड़ी सँख्या मे उपस्थित रहे।

### विधायक कार्यालय में ध्वजारोहण

बलौदा बाजार। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बलौदा बाजार स्थित विधायक कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. सनम जांगड़े महामंत्री कृष्ण अवस्थी, भाजपा नेता टेशु लाल धुरंधर, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, नरेश केसरवानी जिला मंत्री श्रीमती सुनीता वर्मा, अक्षर अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, पुरषोत्तम सोनी, रितेश श्रीवास्ताव, कार्यालय प्रभारी राजेश वर्मा, खोडस कश्यप, अनिल बघेल, मंडल अध्यक्ष डोमन वर्मा, महामंत्री पुरुषोत्तम साहू, पार्षद श्रीमती सविता , पार्षद प्रियंका सोनी, सीमा केशरवानी, सरिता मार्के, प्रदीप साहू, राजकुमार जायसवाल, शशि साहू एवं नरोत्तम धृतलहरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जनहितार्थ निस्वार्थ भाव से समाज कल्याण के अनेक कार्य किए

# कोरोनाकाल में सेवा सुगंधम संस्था की भूमिका रही उल्लेखनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कोरोना काल में सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था ने सेवा परमो धर्मः को चरितार्थ किया। संस्था ने तीन सालों तक उल्लेखनीय कार्य किया। गौरतलब है कि सन 2020-21 में विश्वव्यापी कोरोना महामारी ने संक्रामक बीमारी से लोगों को अपने आगोश में लेकर निगल रहा था। ऐसे नाजुक समय में इस भयावह महामारी के समय सेवा सुगंधम जैसा सामाजिक संस्था भाटापारा जिले में मानवता नैतिकता सहिष्णुता की प्रेरणा देता हुये समाज सेवा का एक नयी परिभाषा प्रस्तुत किया।



सेवासुगंधम सामाजिक संस्था की और से जिले मे जनहितार्थ अनेक समाज कार्य निस्वार्थ भाव से समाज कल्याण हेतु किये गये, जिसमें मुख्य रुप से कोरोनाकाल में कोरोना से ग्रसित हजारों मरीजों को कोरेनटाइन सेन्टर में जाकर प्रतिदिन गिलोय का काडा बनाकर पीलाना, साथ साथ चना मूंग का अंकुरित पैकेट कोरोनाकाल में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के नर्स, डाक्टर, सफाई मित्र, पुलिस, पत्रकार आदि लोगों को कोरोना वरियर्स का सम्मान देकर प्रोत्साहित किया जाना, दर्जनों निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाना, पर्यावरण सुरक्षा हेतु पेड पौधे लगाना, हजारों गरीब बच्चों को दीपावली में कपड़ा का वितरण, ठंड में गरीबों को कम्बल का वितरण, दर्जनों गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण, दर्जनों बिजली मिस्त्रियों को काम करने के लिये औजार वितरण व प्रेरित किया जाना, प्रावीण्य स्तर में स्कूलों में अंक हासिल करने वाले छात्रों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाना, साफ्टवेयर क्रांति के युग में वेबसाइट के सद उपयोग को लेकर जागरूक किया।

